

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...

**1 अक्तूबर, 2025**

**प्रिय साथियो,**

एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण करना तथा एनएचपीसी परिवार के सदस्य के रूप में आप सभी के साथ जुड़ना मेरे लिए अत्यंत सम्मान एवं सौभाग्य की बात है। अपनी समृद्ध विरासत के साथ, एनएचपीसी भारत के जलविद्युत क्षेत्र में अग्रणी रही है। हमारे पास सुदृढ़ और विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो है, लेकिन यह अति आवश्यक है कि हम निर्माणाधीन परियोजनाओं का समय पर क्रियान्वयन करके अपने विद्युत उत्पादन पोर्टफोलियो को और बढ़ाएं, साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों (बीईएसएस) में उभरते अवसरों का भी लाभ उठाएं। भारत सरकार के निरंतर समर्थन के साथ, अब हमारी यह जिम्मेदारी है कि विकसित होते नवीकरणीय ऊर्जा परिदृश्य में हम अपने प्रयासों में तेजी लाते हुए व्यावसायिक अवसरों का पूर्ण रूप से दोहन करें।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि भारत सरकार के सर्वोच्च राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (गृह पत्रिका) के अंतर्गत क्षेत्र 'क' में एनएचपीसी की राजभाषा पत्रिका 'राजभाषा ज्योति' को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। एनएचपीसी की ओर से मैंने यह पुरस्कार 14 सितंबर 2025 को गांधीनगर, गुजरात में आयोजित हिंदी दिवस 2025 और 5वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से प्राप्त किया।

हमारी निर्माणाधीन परियोजनाओं में कार्य संतोषजनक ढंग से प्रगति पर है। मैंने 21 से 23 सितंबर 2025 तक सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना और दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का दौरा किया और विभिन्न स्तरों पर चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। एनडीएसए से मंजूरी प्राप्त करने के बाद, 22 सितंबर, 2025 से सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना के जलाशय को भरना शुरू कर दिया गया है। मैं टीम से आग्रह करता हूँ कि वे यूनिटों की कमीशनिंग की समय-सीमा को पूरा करने के लिए प्रेरित, केंद्रित तथा पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहें।

**माह की अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं :**

- माह सितंबर 2025 में एनएचपीसी का राजस्व 916.71 करोड़ रुपए रहा है।
- माह सितंबर 2025 का कुल विद्युत उत्पादन 2385.4 मिलियन यूनिट रहा और सितंबर 2025 तक कुल संचयी विद्युत उत्पादन 16884 मिलियन यूनिट रहा है।
- टनकपुर पावर स्टेशन ने 10 सितंबर 2025 को अपनी कमीशनिंग के बाद से अब तक का सर्वाधिक दैनिक विद्युत उत्पादन 2.55 मिलियन यूनिट उत्पादित किया। किशनगंगा पावर स्टेशन ने दिनांक 23 सितंबर को 1238 मिलियन यूनिट का उत्कृष्ट वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त किया। चमेरा-I पावर स्टेशन ने 26 सितंबर को 1665 मिलियन यूनिट की अपनी डिजाइन ऊर्जा प्राप्त की है। मैं इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए इन पावर स्टेशनों की पूरी टीम को बधाई देता हूँ।
- एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में संचालित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय), फरीदाबाद को हिंदी दिवस-2025 तथा 5वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान दिनांक 15.09.2025 को गांधीनगर, गुजरात में आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन के लिए सर्वश्रेष्ठ राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया।

- भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 15 मई से 31 मई 2025 तक आयोजित 'स्वच्छता पखवाड़ा 2025' के अंतर्गत स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन में उत्कृष्ट योगदान के लिए विद्युत मंत्रालय द्वारा एनएचपीसी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- दिनांक 14 से 29 सितंबर 2025 तक एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों में बड़े उत्साह के साथ हिंदी पखवाड़ा मनाया गया।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" पहल के अंतर्गत, 26 सितंबर 2025 को निगम मुख्यालय में विप्स सेल द्वारा महिला स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन श्रीमती शिखा गुप्ता, अध्यक्षा, एनएचपीसी महिला क्लब, फरीदाबाद द्वारा किया गया।
- एनएचपीसी की आउटरीच गतिविधियों के रूप में, सियांग बेसिन परियोजना ने 25 सितंबर 2025 को सियांग जिले (अरुणाचल प्रदेश) में पूर्ण सुसज्जित एक मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) प्रदान की है।
- एनएचपीसी के श्री सुप्रकाश अधिकारी निदेशक (तकनीकी) ने 18 सितंबर को ऑनलाइन माध्यम से चुटक पावर स्टेशन के बैराज पर स्थित स्वर्ण जयंती द्वार का उद्घाटन किया।
- एनएचपीसी महिला बैडमिंटन टीम ने 08 से 11 सितंबर 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित 30वें अंतर-सीपीएसयू बैडमिंटन टूर्नामेंट में टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण, महिला एकल प्रतियोगिता में रजत और महिला युगल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया।
- राष्ट्रीय खेल दिवस सभी कार्यस्थलों पर बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। दिनांक 29-31 अगस्त, 2025 तक विभिन्न खेल गतिविधियां और कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलर सुश्री दीया भीमैया ने 12 से 19 सितंबर 2025 तक लखनऊ में आयोजित योनेक्स-सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में मिश्रित युगल में स्वर्ण और महिला युगल में कांस्य पदक जीता।
- 17 सितंबर 2025 को एनएचपीसी में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन और उत्सव मनाया गया।

मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को दशहरा, दिवाली और छठ पूजा के पावन अवसर पर शुभकामनाएं देता हूँ।

आपका,

भूपेन्द्र गुप्ता

**(भूपेन्द्र गुप्ता)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**



## From CMD's Desk…

**October 1$^{st}$ 2025**

**Dear Colleagues,**

It is matter of profound honor and privilege for me to assume charge as the Chairman and Managing Director of NHPC and join you all as member of NHPC family. With its rich legacy, NHPC has been a pioneer in India's hydropower sector. We possess a strong and diverse portfolio, but it is imperative that we further enhance our generation portfolio through the timely execution of ongoing projects while also seizing emerging opportunities in renewable energy, green hydrogen and battery energy storage systems (BESS). With the continued support of the Government of India, the responsibility now lies with us to intensify our efforts and harness the full spectrum of business opportunities in the evolving renewable energy landscape.

I am delighted to share that NHPC's Rajbhasha Magazine 'Rajbhasha Jyoti' has been awarded the first prize in Region 'A' under the Government of India's highest Rajbhasha Kirti Puraskar (House Journal). The award was received by me on behalf of NHPC from Hon'ble Union Minister for Home and Cooperation Shri Amit Shah during the Hindi Diwas 2025 and 5$^{th}$ All India Rajbhasha Sammelan held at Gandhinagar, Gujarat on 14$^{th}$ September 2025.

The work at our undergoing projects is progressing satisfactorily. I visited the Subansiri Lower HEP and Dibang Multipurpose Project from 21$^{st}$ to 23$^{rd}$ September 2025 and reviewed the work progress at various fronts. After go ahead from NDSA, Reservoir filling of Subansiri Lower HEP has commenced from 22$^{nd}$ September 2025. I urge the team to remain motivated, focused, and fully committed to meeting the timeline of commissioning of Units.

### Other major highlights of the month are:

- In September 2025, NHPC's revenue stood at Rs 916.71 crore.
- The total generation for the month of September 2025 was 2385.4 MU and cumulative generations up to September 2025 was 16884 MUs.
- Tanakpur PS achieved highest ever daily generation of 2.55 MU on 10$^{th}$ September 2025 since its commissioning. Kishanganga Power Station achieved the Excellent Annual Generation Target of 1238 MU on 23$^{rd}$ September. Chamera-I PS achieved its Design Energy of 1665 MU on 26$^{th}$ September. I congratulate the entire team of these power stations for this outstanding achievement.
- Nagar Rajbhasha Karayanwayan Samiti (Office), Faridabad, functioning under the chairmanship of CMD NHPC was awarded the Best Official Language Shield for Official Language Implementation during Hindi Diwas-2025 and 5$^{th}$ All India Official Language Conference organized at Gandhinagar, Gujarat on 15.09. 2025.

- NHPC has been awarded 3rd prize by MOP for its outstanding contribution towards Swachh Bharat Mission for promoting cleanliness, hygiene and well-being in the community under 'Swachhata Pakhwada 2025', organized from 15th to 31st May 2025 under the Clean India Mission of the Government of India.
- Hindi Pakhwada was celebrated with great enthusiasm across all NHPC locations from 14th to 29th September 2025.
- Under the “Swasth Nari, Sashakt Parivar Abhiyaan” initiative of the Ministry of Health and Family Welfare, a Women’s Health Screening Camp was organized by WIPS Cell at Corporate Office on 26th September 2025. The medical camp was inaugurated by Smt. Shikha Gupta, President, NHPC Ladies Club, Faridabad.
- As part of NHPC’s outreach activities, Siang Basin Projects has provided a fully equipped Mobile Medical Unit (MMU) in Siang District (Arunachal Pradesh) on 25th September 2025.
- Shri Suprakash Adhikari, Director (Technical), NHPC inaugurated the Golden Jubilee Gate located at the Barrage of Chutak Power Station through online mode on 18th September.
- The NHPC Women's Badminton Team secured the top position by winning Gold in the Team Competition, Silver in the Women's Singles Competition and Bronze in the Women's Doubles Competition at the 30th Inter-CPSU Badminton Tournament held in New Delhi from 8th to 11th September 2025.
- National Sports Day was celebrated with great enthusiasm across all its locations. Various sports activities and events were organized from August 29-31, 2025.
- NHPC Sports Scholar Ms. Diya Bheemaiah won Gold in Mixed Doubles and Bronze in Women’s Doubles at Yonex–Sunrise Dr. Akhilesh Das Gupta Memorial All India Senior Ranking Badminton Tournament held in Lucknow, from 12th to 19th September 2025.
- Vishwakarma Puja was organized and celebrated across NHPC on 17th September 2025.

I convey my greetings to you and your family members on the auspicious occasions of Dussehra, Deepawali and Chath Puja.

Sincerely Yours,

**(Bhupender Gupta)**
**Chairman & Managing Director**